**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र 2024 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, माननीय सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 4. (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के सीतापुर मार्ग पुरनिया रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित एल0के0एस0 सचिवालय कालोनी अलीगंज के मकान अनुरक्षण के अभाव में अत्यन्त जर्जर अवस्था में है? | जी नहीं।<br><br>राज्य सम्पत्ति विभाग के नियन्त्रणाधीन जनपद-लखनऊ के सीतापुर मार्ग पुरनिया रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित एल0के0एस0 सचिवालय कॉलोनी अलीगंज स्थित सभी आवासों की बाहरी रंगाई-पुताई एवं मरम्मत कार्य तथा आन्तरिक मरम्मत का कार्य शासनादेश संख्या-3040/32-4/2022/001-37- 2022, दिनांक 23 नवम्बर, 2022 द्वारा रू0 49.47 लाख की स्वीकृत धनराशि से कराया जा चुका है। वर्तमान में सभी आवास रहने योग्य हैं। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त सचिवालय कालोनी में सीलन, प्लास्टर गिरने एवं जल रिसाव होने एवं घरों में बरसात के समय दूषित जल भराव हो जाने के कौन-कौन से अधिकारी उत्तरदायी है? | उक्त कॉलोनी में सीवर की साफ-सफाई न होने एवं नाली के अवरूद्ध होने से वर्षा ऋतु में बैकफ्लो के कारण नालियों में पानी ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसके लिए नगर निगम एवं जलकल संस्थान जोन-3 से अनुरोध किया गया है। |
| (ग) क्या दोषी उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही कराते हुए समस्त अनुरक्षण के कार्यो को पूर्ण करायेंगें? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ङ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।